कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 23.01.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

सड़क सुरक्षा जागरूकता

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में परिवहन विभाग एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एवं लर्निंग लाईसेंस बनवाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने अपने उद्‌बोधन में छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी। प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्‌देश्य यातायात नियमों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, दुर्ग श्री एस0 पी0 लाखरा ने सड़क सुरक्षा नियमों और विनिमय की विस्तृत जानकारी दी।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, दुर्ग योगेश भण्डारी, श्री विष्णु ठाकुर, परिवहन निरीक्षक श्री सुभाष बंजारे, सहायक सांख्यिकी अधिकारी और श्री सत्येन्द्र सोनी ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर लर्निंग लाईसेंस बनवाने हेतु शिविर का भी आयोजन किया गया।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

सड़क सुरक्षा जागरूकता